# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union Govt. Registered


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 12 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 163

## अंतरिक्ष में फंस कर भी इतिहास रच रही सुनीता विलियम्स, बनाए दो अनोखे रिकॉर्ड

नई दिल्ली । आरएनएस



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, जो पिछले नौ महीनों से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हुई हैं, अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। इस दौरान उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उनकी दृढ़ता और हौसला कायम रहा।

अंतरिक्ष में अपने विस्तारित प्रवास के दौरान, सुनीता विलियम्स ने कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोग किए। उन्होंने 900 घंटे से अधिक समय रिसर्च में बिताया है, जो अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### सुनीता विलियम्स ने बनाया कीर्तिमान

अपने अंतरिक्ष मिशन के दौरान, सुनीता विलियम्स ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने तीन अंतरिक्ष मिशनों में 600 दिनों से अधिक समय बिताया है, और कुल 62 घंटे और 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया है। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा किया गया सबसे लंबा स्पेसवॉक है।

### 900 घंटे का गहन रिसर्च

अपने वर्तमान मिशन में, सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को उड़ाने का कार्यभार भी संभाला, जिसके निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह यान नासा के लिए 4.2 बिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहते हुए, उन्होंने विभिन्न उपकरणों और प्रणालियों को बदलने, स्टेशन की सफाई करने और पृथ्वी पर कचरा वापस भेजने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान दिया। सुनीता विलियम्स 150 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों में शामिल रहीं, जिनमें 900 घंटे से अधिक का गहन रिसर्च शामिल है।

### बैरी विल्मोर भी सुनीता विलियम्स के साथ

सुनीता विलियम्स के साथ, उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बैरी (बुच) विल्मोर भी कई महीनों से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने पिछले साल 5 जून को बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के पहले क्रू मिशन पर उड़ान भरी थी और 6 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे थे। यह मिशन मूल रूप से आठ दिनों का था, लेकिन इसे बाद में बढ़ा दिया गया।

### पृथ्वी पर लौटने पर एक और रिकॉर्ड

पृथ्वी पर वापसी के साथ ही सुनीता विलियम्स एक और अनूठा रिकॉर्ड बनाएंगी। वह चार अलग-अलग अंतरिक्ष कैप्सूल – स्पेस शटल, सोयुज, बोइंग स्टारलाइनर और स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन – उड़ाने वाली पहली अंतरिक्ष यात्री बन जाएंगी।

सुनीता विलियम्स की यह अंतरिक्ष यात्रा विज्ञान और मानव अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी सुरक्षित वापसी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में दर्दनाक सड़क हादसा, गहरी खाई में टेम्पो गिरने से 4 लोगों की मौत; 8 घायल



श्रीनगर । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में हादसा होने की खबर सामने आ रही है। जहां एक टेम्पो वाहन सडक़ से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। जानकारी के अनुसार इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू से बागनकोट जा रहा टेम्पो वाहन गहरी खाई में गिर गया, अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों को अस्पताल दाखिल करवाया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय

### 10 साल के बेटे के ऊपर बैठ गई 154 किलो की मां, तड़प-तड़प कर हुई मौत

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मां ने अपने बच्चे को दर्दनाक मौत दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मां ने अपने बच्चे को इस तरह मारा कि हर किसी की रूह कांप गई। 150 किलो से ज्यादा वजनी महिला अपने 10 साल के बेटे के उपर बैठ गई। खबर है कि महिला फॉस्टर यानी बच्चे की पालक मां थी। वहीं, महिला ने भी बच्चे के ऊपर बैठने की बात स्वीकार की है। 10 साल के बच्चे की पहचान डकोटा लिवाई स्टीवन्स के तौर पर हुई है। वह इंडियाना का रहने वाला था। वहीं, महिला की पहचान 48 साल की जेनिफर ली विल्सन बताई जा रही है, जिसका वजन करीब 154 किलो है। वह कथित तौर पर बच्चे पर यह सोचकर बैठ गई थीं कि वह परेशानी में होने का नाटक कर रहा है। विल्सन को 6 साल की जेल हुई है। घटना 25 अप्रैल 2023 की है। तब पुलिस को विल्सन के घर पर स्टीवन मिला था। तब वह बेहोश था। जांच में अधिकारियों को उसकी गर्दन और सीने पर चोट के निशान मिले। लडक़े ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, विल्सन ने जांच अधिकारियों को बताया है कि लडक़ा घर से भाग कर पड़ोसी के पास पहुंच गया था।

### पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक, 500 से अधिक यात्री सवार

#### मुठभेड़ में 6 पाक सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। ट्रेन में 500 से अधिक यात्री सवार हैं। पाकिस्तान सेना के एक्शन के विरोध में बलोच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किया है। बीएलए के लोगों ने ट्रेन के अंदर गोलियां भी बरसाई हैं। आरोपियों ने रेलवे ट्रैक पर विस्फोट कर ट्रेन को हाईजैक किया है। बंधकों में कई पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी हैं। यात्रियों को बंधक बना लिया गया है। बीएलए और पाकिस्तानी आर्मी के बीच मुठभेड़ में 6 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। ट्रेन हाइजैक की घटना कच्छ (बोलन) जिले के पिरोकनारी इलाके में हुई है। वर्तमान में ट्रेन एक सुरंग में खड़ी है। सूत्रों के अनुसार, यात्री ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। तभी पटरी पर पहले विस्फोट की आवाज सुनी गई और फिर ट्रेन पर गोलीबारी शुरू हो गई। इसके बाद ट्रेन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों और ट्रेन पर गोलीबारी करने वाले हथियारबंद लोगों के बीच मुठभेड़ होने लगी। पाकिस्तान के समा टीवी की रिपोर्ट के हवाले से रेलवे अधिकारियों का कहना है कि 9 कोच वाली जाफर एक्सप्रेस में सवार यात्रियों और कर्मचारियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। ट्रेन सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई थी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जाफर एक्सप्रेस में 9 डिब्बे हैं। ट्रेन में 500 से ज्यादा यात्री सवार हैं। ट्रेन आज सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई।

### दक्षिण अफ्रीका में दर्दनाक हादसा, हाइवे पर पलटी बस; 12 की मौत घायल हुए 45 लोग

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां हाइवे पर एक बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 45 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे आपातकालीन दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने बताया कि आपातकालीन दल बस को सीधा करने की कोशिश में जुटे हैं ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है। दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई है। बस जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना स्थल से 9 पुरुषों और 3 महिलाओं के शव बरामद किए गए हैं। नथलाडी ने कहा कि अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक कारण का पता नहीं लगा पाए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## राजस्थान के नागौर में दो बड़े सड़क हादसे : बस पलटने से तीन छात्रों की मौत, खींवसर में दो वाहनों की भिड़ंत में चार की गई जान

नागौर । आरएनएस



राजस्थान के नागौर जिले में दो अलग-अलग सडक़ हादसों में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुमित चौधरी ने बताया कि पहला हादसा मंगलवार सुबह हुआ, जब छात्रों से भरी एक बस पलट गई। यह बस चंडीगढ़ से जोधपुर कैंपिंग के लिए जा रही थी। इस दुर्घटना में तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हाई सेंटर जोधपुर रेफर किया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर यह घटना हुई है, जब एक प्राइवेट बस और ट्रक के बीच भी टक्कर हुई, जिसके बाद बस पलट गई। बस में एनएलयू के छात्र सवार थे।

दूसरा हादसा देर रात खींवसर के बरानी गांव के पास हुआ, जहां दो वाहनों की भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद मृतकों के परिवार में मातम पसर गया है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और घायलों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है। हादसों के बाद स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

## केजरीवाल को बड़ा झटका, दिल्ली की अदालत ने नई एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया

नईदिल्ली । आरएनएस



दिल्ली का चुनाव हारने के बाद अब अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के राऊज एवेन्यु कोर्ट से केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ नई स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट में 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद रही नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जान बूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। शिकायत में इन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की और आज कोर्ट ने इस शिकायत को स्वीकार करते हुए पुलिस को 18 मार्च तक आदेश पर अमल को लेकर रिपोर्ट देने को कहा है।बता दें कि अदालत का यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने के बाद अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता से बेदखल किये जाने के कुछ सप्ताह बाद आया है, जिससे केजरीवाल की परेशानी एक बार फिर से बढ़ सकती है।

पिछले सप्ताह दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप सरकार द्वारा संचालित मोहल्ला क्लीनिक में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के नाम पर भ्रष्टाचार की दुकानें चलाने का आरोप लगाया था। सचदेवा की यह प्रतिक्रिया आप के वरिष्ठ नेता जैन द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने की कथित योजना की कड़ी आलोचना करने के बाद आई है। उन्होंने इसे शहर के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को पंगु करने वाला कदम बताया था।

## प्रधानमंत्री मोदी का मॉरीशस में बिहारी परंपरा और लोकगीत से हुआ स्वागत

पोर्ट लुईस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी दो दिन की यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका स्वागत बड़े धूमधाम से किया गया। पीएम मोदी का मॉरीशस के सर सीवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य रूप से स्वागत किया गया। इसके बाद यहां राजधानी पोर्ट लुईस में एक अनूठी सांस्कृतिक परंपरा का उदाहरण देखने को मिला, जब बिहारी परंपरा के तहत महिलाओं के एक दल ने पारंपरिक लोकगीत गाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया।

महिलाओं ने खुशी के साथ गाया, धन्य है, धन्य है देश हमारा हो, मोदी जी पधारे हैं। जय मॉरीशस बोलो जय भारत। यह गीत भारत के भोजपुरी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो मॉरीशस में बसे भारतीय समुदाय द्वारा यहां लाई गई थी।

मॉरीशस में पारंपरिक भोजपुरी संगीत शैली गीत गवई काफी लोकप्रिय है। इसे विशेष मान्यता देते हुए, यूनेस्को ने दिसंबर 2016 में इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया। गीत गवई मॉरीशस में भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा बन चुकी है।

इसके बाद पीएम मोदी ने मॉरीशस में अपने स्वागत की जानकारी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर दी। उन्होंने कहा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों के लिए उनका मजबूत संबंध वास्तव में प्रेरणादायक है। इतिहास और हृदय का यह बंधन पीढिय़ों में पनपता रहता है।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के निमंत्रण पर 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह यात्रा भारत-मॉरीशस संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि 2015 के बाद से यह प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की पहली यात्रा है।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करेंगे। वह वहां के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। इसके अलावा, वह भारतीय मूल के समुदाय के सदस्य से भी बातचीत करेंगे, जो मॉरीशस के समाज और संस्कृति का एक अहम हिस्सा हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे में प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन भी शामिल है। इस यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे, जो समुद्री सुरक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, लघु और मध्यम उद्यमों, और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से भारत की पड़ोसी पहले नीति को भी समर्थन मिलेगा, जिसका उद्देश्य भारत के पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करना है।

## दिल्ली के आनंद विहार में झुग्गी में लगी आग, तीन लोगों की जलकर मौत

नई दिल्ली । आरएनएस



दिल्ली के आनंद विहार इलाके में झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है, जहां करीब दो बजे आग लग गई। जानकारी के अनुसार, डीडीए की खाली जमीन पर झुग्गी बनी हुई थी।

चश्मदीद नितिन ने बताया कि उसे रात में करीब दो बजे आग लगने की खबर मिली, जिसके बाद झुग्गी छोडक़र वह भाग गए। उन्होंने बताया कि उनके तीन साथी भी उसी झुग्गी में रहते थे और उन्हें लगा कि वे तीन लोग भी अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए हैं, लेकिन वे तीनों बाहर नहीं निकल पाए थे और आग लगने से तीनों की जलकर मौत हो गई।

नितिन ने बताया कि झुग्गी में बिजली नहीं थी, जिस वजह से डीजल लैंप जलाया जा रहा था, जिससे आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचे और आग बुझने के बाद तीनों शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

## सीएम योगी ने की सफाई कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा, बोले - माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का हुआ कायाकल्प

लखनऊ । आरएनएस



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। सीएम योगी ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ महाकुंभ के संदेश को साकार किया है। महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोडऩे के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय प्रयागराज माफियाराज से जकड़ चुका था, दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहे थे। आज महाकुंभ के कारण उसका कायाकल्प हो गया। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन और पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है।

सीएम योगी ने सरकार के बाद सफाईकर्मियों के सम्मान के पहले सार्वजनिक आयोजन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकडक़र आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थर भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को महाकुंभ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए।

उन्होंने आगे कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई और सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंत:करण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंत:करण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है।

मुख्यमंत्री योगी ने 45 दिनों में आने वाले 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं का जिक्र किया। उन्होंने हर स्नान पर आने वाले श्रद्धालुओं का भी आंकड़ा बताया और कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आ धमकती थी। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बुलवाने का प्रयास करते थे।

उन्होंने एक वाकया सुनाते हुए बताया कि एक यूट्यूबर कर्नाटक से आए श्रद्धालु से पूछ रहा था कि कितना पैदल चले, उत्तर मिला- पांच किमी। फिर उसने कहा कि पता है, अभी कितना और पैदल चलना होगा, तो श्रद्धालु ने कहा कि नहीं। इस पर यूट्यूबर ने बताया कि अभी पांच किमी और। श्रद्धालु ने कहा कि 50 भी चलना पड़े तो जाऊंगा। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है।

सीएम ने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है। किसी ने यह नहीं बोला कि यह सरकारी आयोजन है, सबने इसे अपना आयोजन माना। जो भी आया, वह आयोजन को आशीर्वाद देकर ही गया। यह मानवता का अब तक का सबसे बड़ा समागम था, जिसने देश-दुनिया को बहुत कुछ संदेश दे दिया है। इतने बड़े आयोजन भी हो सकते हैं, क्राउड मैनेजमेंट का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है। आस्था को आजीविका के साथ भी बदला जा सकता है और ढेर सारे लोगों के जीवन में परिवर्तन भी लाया जा सकता है।